Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to open the closed road for villagers in Danapur Contonment Zone in Patliputra Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (**पाटलिपुत्र**): माननीय सभापति महोदय, मैं आपका और सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र पाटलिपुत्र लोक सभा के दानापुर विधान सभा के अन्तर्गत आ रही कठिनाई की तरफ ले जाना चाहता हूं।… (व्यवधान)

माननीय सभापति महोदय, दानापुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत दानापुर केन्टोनमेंट है।… (व्यवधान) वह बहुत ही पुराना केन्टोनमेंट है।… (व्यवधान) इस केन्टोनमेंट के अन्तर्गत रास्ते से आने-जाने वाले लोगों की संख्या अधिक है।… (व्यवधान) ऐसे चार गांव हैं, जहां से लोग उस सर्वे रोड से लगभग 100 वर्षों से आया-जाया करते थे।… (व्यवधान) इनमें खास तौर से लोदीपुर, चाँदमारी रोड बहुत ही प्रमुख हैं।… (व्यवधान) वहां के किसान, वहां के आम जन बहुत परेशान हैं, चूंकि सैन्य अधिकारियों द्वारा अकारण, बिना कुछ बताए हुए रास्ते को बंद कर दिया गया है, जिसकी वज़ह से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।… (व्यवधान)

माननीय सभापति महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूं कि माननीय रक्षा मंत्री जी से भी व्यक्तिगत रूप से मिलकर तीन-चार दफा मैंने इसके लिए आग्रह किया है।… (व्यवधान) यही नहीं, सेना के वरिष्ठ अधिकारी और सी.डी.एस. से भी मिलकर मैंने आग्रह किया है, मगर अभी तक उस रास्ते को खोलने की कोई कार्रवाई नहीं हुई है।… (व्यवधान)

माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रक्षा मंत्री जी और अन्य अधिकारियों का इस ओर पुन: ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि वह रास्ता खुलवा दीजिए।… (व्यवधान)

माननीय सभापति : सम्माननीय सदस्य, अपना विषय संक्षिप्त में रखें। सीधे विषय पर आएं, जिससे अधिक से अधिक माननीय सदस्यों को अवसर दिया जा

सके।

... (व्यवधान)

श्री राम कृपाल यादव : महोदय, चाँदमारी, लोदीपुर रोड से जुड़े हुए चार गांवों के लोग उस रोड से आवागमन कर रहे थे, उनकी कठिनाई को देखते हुए उस रोड को खुलवा दीजिए।... (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री एम. गुरूमूर्ति जी। माननीय सदस्य पहली बार बोल रहे हैं, इसका ध्यान रखें।

... (व्यवधान)